Ans. (a) राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने 24 फरवरी, 2021 को वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए जयपुर में डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में "राजस्थान इन्स्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड लर्निंग की स्थापना की घोषणा की गई है।

1334. राजस्थान में वर्ष 2018-19 में कृषि अनुसंधान तथा शिक्षा पर व्यय था-

(a) ₹ 30672.05 लाख (b) ₹ 26689.98 लाख
(c) ₹ 23991.96 लाख (d) ₹ 21867.42 लाख

अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)

Ans. (*) – राजस्थान सरकार ने वर्ष 2018–19 के लिए रू. 1,07,865.40 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया। जिसमें कृषि एवं सबंद्ध सेवाओं के लिए 6744.84 करोड़ तथा शिक्षा के लिए रू. 16,743.24 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। जिनका सम्पूर्ण योग (6744.84 +16,743.24) 23,488.24 करोड़ रूपये होता है। अतः कोई भी उत्तर सही नहीं है। बजट 2022-23 में ृषि, कृषक कल्याण एवं संबद्ध गतिविधियों कुल व्यय 78938.68 करोड़ निर्धारित है।

1335. 2013-14 में राजस्थान में कृषि क्षेत्र से (पशु पालन सहित) 2004-05 की कीमतों पर राज्य के शुद्ध घरेलू उत्पादों में कितना अंश रहा -

(a) 21% (b) 22%
(c) 23% (d) 25%

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (a) वर्ष 2013-14 में राजस्थान में कृषि क्षेत्र से (पशु पालन सहित) 2004-05 की कीमतों पर राज्य के शुद्ध घरेलू उत्पादों में योगदान 21% था जबकि नवीनतम आँकड़ों के अनुसार 2011–12 के स्थिर मूल्य पर वर्ष 2021-22 में 28.85 % तथा चालू मूल्यों पर 30.23% हो गया है। अतः विकल्प A सही है।

1336. 2014-15 में राजस्थान की स्थिर मूल्यों 2004-05 पर प्रति व्यक्ति आय लगभग कितनी रही-

(a) 38215 रुपये (b) 33186 रुपये
(c) 37290 रुपये (d) 38790 रुपये

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (b) वर्ष 2014-15 में राजस्थान की स्थिर मूल्यों 2004-05 पर प्रति व्यक्ति आय लगभग 33186 रुपये रही। स्थिर मूल्यों (वर्ष 2021-22) पर वर्ष 2021-22 में प्रतिव्यक्ति आय 81231 रुपये है। जबकि चालू मूल्यों पर वर्ष 2021-22 में प्रति व्यक्ति आय 135218 रुपये है।

1337.वर्ष 1991-92 की राजस्थान की वार्षिक योजना में शक्ति क्षेत्र के लिए निर्धारित उपव्यय का कितना प्रतिशत तय किया गया है?

(a) 18.6 (b) 27.2
(c) 30.0 (d) 38.6

उत्तर - (b) **RPSC RAS/RTS-1992**

व्याख्या – वर्ष 1991-92 की राजस्थान की वार्षिक योजना में शक्ति क्षेत्र के लिए निर्धारित उपव्यय का 27.2 प्रतिशत तय किया गया था। बजट 2022-23 में विद्युत क्षेत्र के लिए प्रस्तावित परिव्यय 25260.33 करोड़ (14.89%) है।

1338.भारत के कुल नमक उत्पादन का सांभर झील में कितना उत्पादन होता है?

(a) 8.7% (b) 19.2%
(c) 31.3% (d) 41.7%

उत्तर - (a) **RPSC RAS/RTS-1992**

व्याख्या-नमक सोडियम और क्लोरीन का यौगिक होता है। राजस्थान में नमक का उत्पादन सांभर, डीडवाना एवं डिगना झीलों में होता है। जयपुर से 65 किमी. दूर स्थित सांभर झील भारत की खारे पानी की सबसे बड़ी झील है। यहाँ हिन्दुस्तान साल्ट्स लिमिटेड द्वारा नमक उत्पादन किया जाता है। सांभर झील राजस्थान की नमक उत्पादन करने वाली सबसे बड़ी झील है। यहां देश के कुल नमक उत्पादन का 8 प्रतिशत नमक उत्पादित होता है। देश में नमक उत्पादक राज्य है- गुजरात (81.45%), राजस्थान(8.59%), तमिलनाडु (7.96%), आंध्रप्रदेश(1.45%)।

1339.राजस्थान में प्रत्येक जिले में सहकारी बैंक का नाम है–

(a) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
(b) प्राथमिक सहकारी बैंक
(c) राज्य सहकारी बैंक
(d) केन्द्रीय सहकारी बैंक

उत्तर - (d)

RPSC RAS/RTS 1944-95

व्याख्या— राजस्थान में सहकारी संगठन का स्वरूप

शीर्ष बैंक या प्रान्तीय सहकारी बैंक
(राज्य की सर्वोच्च सहकारी संस्था)
↓
केन्द्रीय सहकारी संस्था
(प्रत्येक जिले में एक)
↓
प्रारम्भिक सहकारी साख समितियाँ
↓
ग्रामीण प्रारम्भिक सहकारी साख समितियां — शहरी प्रारम्भिक सहकारी साख समितियां

1340. राजस्थान में स्थिर कीमतों पर सन् 1996-97 के अनुमानित शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद में कृषि का हिस्सा है–

(a) 40 % (b) 42 %
(c) 44 % (d) 48 %

उत्तर - (b)

RPSC RAS/RTS 1997-98

व्याख्या—राजस्थान की आठवीं पंचवर्षीय योजनाकाल (1992 से 1997 तक) में शुद्ध घरेलू उत्पाद में वार्षिक वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत थी। स्थिर कीमतों पर राज्य के शुद्ध सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 1996-97 में कृषि क्षेत्र का हिस्सा 42 प्रतिशत था। वर्ष 2021-22 में राज्य सकल घरेलू उत्पाद में कृषि व संबद्ध क्षेत्र का हिस्सा 28.85% है।

1341. राजस्थान में 1996-97 वर्ष के लिए प्रति व्यक्ति आय चालू कीमतों पर आंकी गई है–

(a) 8000 रु0 (b) 7500 रू0
(c) 7800 रु0 (d) 7000 रु0

उत्तर - (c)

RPSC RAS/RTS 1997-98